समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

31 जनवरी को वार्ड क्र. 08, 17, 29, 34, 45, 49, 55, 60 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 427 शिविरों के माध्यम से की गई 21338 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 30 जनवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 31 जनवरी रविवार को वार्ड क्र. 08, 17, 29, 34, 45, 49, 55 व 60 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 427 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 21338 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 419 शिविरों के माध्यम से 21338 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

रविवार 31 जनवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जनवरी 2021 रविवार को वार्ड क्र. 08 सामुदायिक मंच कुम्हारमोहल्ला, वार्ड क्र. 17 आंगनाबाड़ी भवन मानस नगर, वार्ड क्र. 29 सामुदायिक भवन बांसबाड़ी, वार्ड क्र. 34 फायर कालोनी मंच, वार्ड क्र. 45 सामुदायिक भवन सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 49 शक्तिनगर क्रमांक–1 सास्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 55 बलगीखार रामायण पण्डाल, वार्ड क्र.वार्ड क्र. 60 मंगलभवन गेवरा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।